महत्वपूर्ण एवं खास

जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 31 मार्च को

रायगढ़। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) नियम 2014 के अनुसार जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 31 मार्च 2023 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

संयुक्त टीम द्वारा ग्राम जोगेसरा में बाल विवाह को रोका गया

सारंगढ़ बिलाईगढ़। परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भटगांव, चाइल्ड लाइन रायगढ़, जिला बाल संरक्षण इकाई रायगढ़ एवं बलौदाबाजार के संयुक्त टीम द्वारा बाल विवाह को रोका गया। संयुक्त टीम ने नाबालिग वधु के परिवारजनो को बालिग होने के बाद विवाह करने की समझाइश दी। यह प्रकरण थाना सरसींवा, विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम जोगेसरा की है। बारात महासमुंद जिले से आने वाले थे, जिनको सूचित करके बारात को आने से रोका गया।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी से निजी डॉक्टरों के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी से जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के निजी डॉक्टरों के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने जिला प्रशासन को किसी भी प्रकार के चिकित्सा सहयोग के लिए सहमति दी। प्रतिनिधि मंडल में बरमकेला, सारंगढ़ और भटगांव के डॉक्टर शामिल थे।

निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान की छत से गिरने से एक मजदूर की मौत एक घायल

बालोद (आरएनएस)। शहर के सदर बाजार के पास एक निर्माणाधीन मकान में हादसा हो गया। इसमें तीन मंजिल से 2 मजदूर गिर गए। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई और एक को घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सदर बाजार के प्रवेश के पहले रामदेव चौक के पास एक मकान निर्माण के दौरान तीसरी मंजिल से दो मजदूर गिर गए। बताया जाता है कि निर्माण स्थल पर बांस बल्ली लगा हुआ था। जिसमें से दोनों चढक़र काम कर रहे थे। अचानक बॉस टूट गया और दोनों नीचे गिर गए हैं। घटना के बाद दोनों को एक संस्था के एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। घटना सोमवार सुबह 10 से 11 बजे के बीच की है। निर्माणाधीन मकान नेमीचंद ढेलडिया का और घायल मजदूर तरौद के रहने वाले बताए जा रहें हैं। जिसमें से एक की हालत ज्यादा गंभीर है। दोनो मकान में टावर निर्माण करने ऊपर बांस बल्ली बांधकर ईट जोडऩे का काम कर रहे थे। इस दौरान बल्ली टूट गई और ये हादसा हो गया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

स्टीकर लगाकर दुकानदार बेच रहा था नकली इंजन आयल, गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर में नकली इंजन आयल का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर आउटर इलाके में नामी कंपनी का लेबल, स्टीकर लगाकर दुकानदार नकली आयल बेच रहे हैं। मौदहापारा पुलिस ने एक ऐसे ही दुकानदार को गिरफ्तार किया है। दरअसल, हीरो मोटोकार्प के अधिकृत डिस्टीब्युटर संजय जादवानी ने मौदहापारा पुलिस थाने में शिकायत की थी, कि देवपुरी स्थित शिव शक्ति लुब्रीकेंट के संचालक रोहित पिंजानी हीरो मोटोकार्प कंपनी के नकली इंजन आयल बेच रहा है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने कंपनी के लोगों के साथ दुकान में दबिश देकर वहां से 14 पेटी कुल 280 बोतल हीरो मोटोकार्प का नकली इंजन आयल बरामद किया था। जब्त आयल की कीमत 53 हजार दो सौ रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने मामले में कटोरा तालाब निवासी आरोपित दुकानदार रोहित पिंजानी (35) के खिलाफ 63,65 कापी राइट एक्ट का अपराध कायम कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

छ.ग. सामाजिक आर्थिक सर्वे 2023 एक अप्रैल से शुरू

सावधानी और ईमानदारी से पूरी गंभीरता के साथ करना है सर्वे कार्य : कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी

सारंगढ़-बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के नेतृत्व में जिले में छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 के लिए विकासखंडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जनपद पंचायत बरमकेला के सभाकक्ष में प्रशिक्षण के दौरान कलेक्टर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से पूछा कि कैसे सर्वे कार्य करना है। किसी प्रकार का मन में प्रश्न है तो पूछिए। इस कार्य में सुपरवाइजरों की बड़ी जिम्मेदारी है। सावधानी और ईमानदारी से पूरी गंभीरता के साथ सर्वे कार्य करना है। सर्वे में किसी भी परिवार का रिकार्ड नहीं छूटना चाहिए। सर्वे के दोरान किसी तरह की तकनीकी समस्या होने पर तत्काल समाधान के लिए तकनीकी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने सुपरवाइजरों को अपने अधीनस्थ प्रगणक दलों की बैठक लेने,

उनसे समन्वय एवं सहयोग तथा उनके कार्यों की मॉनिटरिंग करने कहा गया। इस अवसर पर एसडीएम मोनिका वर्मा उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री बघेल के घोषणा के अनुरूप सर्वे कार्य 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल 2023 तक पूर्ण किया जाना है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों में दर्ज होंगे। मास्टर ट्रेनर राजकुमार पटेल द्वारा सुपरवाइजर स्तरीय नोडल लाजिंग पेज में आनलाइन प्रपत्र भरने के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मकानों की नंबरिंग, प्रपत्र डाउनलोड, विकल्प चयन, नाम, बैंक खाता नंबर, आईएफएससी कोड, बैंक का नाम, लिंग, वर्ग, आयु, मोबाइल नंबर के साथ-साथ ई-केवायसी के तहत बैंक खाता को आधार और पैन कार्ड से लिंक आदि करने के बारे में बताया गया। सर्वे का संपूर्ण कार्य एप्प के माध्यम से किया जाना है किन्तु समानांतर रूप से प्रपत्र की जानकारी हार्डकॉपी में भी दर्ज की जाएगी तथा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर प्रगणक एवं सर्वेक्षित परिवार के मुखिया या सदस्य के हस्ताक्षर अथवा अंगूठे का निशान प्राप्त किया जाना है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 25 मार्च को मुंगेली जिले के सरगांव में आयोजित भरोसे के सम्मेलन में चिप्स द्वारा निर्मित छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 हेतु मोबाईल एप का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा था कि राज्य के सभी वर्गों का उत्थान हमारी शासन की प्राथमिकता है। इसके लिए आधुनिक तकनीकों का उचित उपयोग किया जा रहा है। चिप्स द्वारा विकसित ऐसा यह एप्प तैयार किया गया है, जो डाउनलोड करने के बाद उस एप्प में आफलाइन मोड में एन्ट्री कर सकते हैं, जो इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलते ही डाटा अपडेट कर देगा। सर्वे करते समय प्रगणक किसी भी मकान का फोटो खींचे तो उसमें मुखिया और मकान का नंबर स्पष्ट दिखना चाहिए। एक परिवार को एक प्रपत्र भरना होगा। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी है। एक टीम लगभग 400 घरों का सर्वे करेंगे। लगभग 750 के घरों के लिए दो टीम सर्वे का काम करेंगे। एक टीम में एक पुरूष शासकीय कर्मी और एक महिला मितानिन या आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आदि शासकीय तौर पर कार्यरत महिलाएं हो सकती हैं। पुरूष शासकीय कर्मी की उपलब्धता नहीं होने की स्थिति में संविदा कर्मचारियों को टीम में रख सकते हैं। पलायन करने वाले परिवार के किसी सदस्य द्वारा दी गई जानकारी एप्प में भरेंगे। एप्प में राशन कार्ड के डाटा, नया राशन कार्ड एन्ट्री, परिवारों के सदस्यों की सूची और उनका कौशल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत उनका वर्तमान आय, भूमि, आयकर दाता, आवास, शौचालय, वाहन, घरेलू रसोई गैस, आधार की सहमति आदि की जानकारी होंगी। सर्वेक्षण के लिए प्रश्नों की सूची तैयार की गयी है।

उल्लेखनीय है कि सर्वे का उद्देश्य विगत वर्षों में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जनसामान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आंकलन कर, प्राप्त डाटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तथा नई योजनाओं के निर्माण हेतु उपयोग किया जाना है।

दुष्कर्म के आरोपी को खरसिया पुलिस ने उत्तर प्रदेश से पकड़ किया गिरफ्तार

रायगढ़। खरसिया थानाक्षेत्र की युवती को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को कल खरसिया पुलिस ने गोण्डा (उत्तर प्रदेश) जिले से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया जिसे दुष्कर्म के अपराध में जेएमएफसी खरसिया कोर्ट पेश किया गया है।

पीड़ित युवती विगत 4 मार्च को पुलिस चौकी खरसिया में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कर बतायी कि उत्तर प्रदेश गोण्डा जिले के डॉ. सूर्य प्रकाश तिवारी से शादी का चर्चा हुआ था बाद में सूर्य प्रकाश के परिवारवाले शादी से इंकार कर दिये। कई दिनों तक सूर्य प्रकाश से कोई बातचीत नहीं हुआ। इसी बीच परिवार के मुख्य सदस्य के निधन के बाद सूर्य प्रकाश मैसेज व कॉल कर परिवारवालों का ढांढस बढाने लगा और शादी की इच्छा जाहिर किया। इसी दरम्यान दिनांक 27.01.2023 को अचानक सूर्य प्रकाश खरसिया पहुंच कर स्टेशन से कॉल कर मिलने आना बताया जिसे युवती अपने किराये क्वाटर में लेकर गई। जहां डॉ. सूर्य प्रकाश तिवारी ने दोनों के घरवालों को राजी करने के बाद शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। डॉ. सूर्य प्रकाश खरसिया क्वाटर में 10 फरवरी तक रूका था, जहां उसने युवती को उत्तर प्रदेश उसके घर परिवार के किसी को शादी की बातचीत के लिये भेजना कहकर वापस लौट गया। युवती का भाई उत्तर प्रदेश सूर्य प्रकाश के घर गया, सूर्य प्रकाश के घरवाले फिर शादी से इंकार कर दिये। युवती के द्वारा डॉ. सूर्य प्रकाश से संपर्क की कोशिश की तो सूर्य प्रकाश भी शादी से इंकार कर जो करना है कर लो दोनों के व्यक्तिगत चैट व आडियो को सोशल मिडिया पर वायरल करने की धमकी दिया। युवती के आवेदन पर आरोपित डॉ. सूर्य प्रकाश तिवारी पर दुष्कर्म की धारा 376 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

महिला संबंधी अपराधों को लेकर आरोपी की तत्काल पतासाजी, गिरफ्तारी के निर्देश वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा दिए गए हैं। निर्देशों के पालन में आरोपी डॉ सूर्य प्रकाश तिवारी की खरसिया पुलिस द्वारा सरगर्मी से पतासाजी किया जा रहा था, आरोपी गिरफ्तारी के भय से लगातार स्थान बदल कर लुकछुप रहा था। चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर को लगाये मुखबिरों से आरोपी के गोण्डा (UP) में देखे जाने की सूचना मिलने पर एसडीओपी खरसिया निमिषा पांडे के मार्गदर्शन पर तत्काल पुलिस चौकी खरसिया की टीम उत्तर प्रदेश जाकर आरोपी डॉ. सूर्य प्रकाश तिवारी पुत्र स्व. घिसियावन तिवारी उम्र 35 साल ग्राम बैरीपुर रामनाथ थाना मनकापुर कोतवाली जनपद गोण्डा (UP) को हिरासत में लिया गया जिसे स्थानीय न्यायालय में पेश कर ट्रांजिट रिमांड लेकर खरसिया लाया गया और कल जेएमएफसी खरसिया के न्यायालय रिमांड पर पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का न्यायिक रिमांड स्वीकृत कर जेल वारंट जारी किये पर खरसिया पुलिस द्वारा आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में चौकी प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक अमिताभ खांडेकर, सहायक उपनिरीक्षक पृथ्वीराज मोहंती, आरक्षक चंद्रशेखर कंवर की प्रमुख भूमिका रही है।

नक्सलियों के आईईडी विस्फोट से बीएसएफ के 2 जवान घायल

❒ **दोनो घायल जवानों को हेलीकॉप्टर से किया गया रायपुर रेफर**

कांकेर (आरएनएस)। जिले के कोयलीबेड़ा ब्लॉक अंर्तगत चिलपरस के पास सर्चिंग पर निकले बीएसएफ के दो जवान सुशील कुमार और छोटूराम आईईडी की चपेट में आने से घायल हो गए हैं। घायल जवानों को उपचार के लिए कोयलीबेड़ा अस्पताल लाया गया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बीएसएफ के जवान मंगलवार की सुबह 08 बजे सर्चिंग में रवाना हुए थे, चिलपरस के पास नक्सलियों ने आईईडी लगा रखा था, जिसकी चपेट में आने से 02 जवान घायल हो गये।

कांकेर एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि बीएसएफ के जवान सर्चिंग में निकले हुए थे, इसी दौरान चिलपरस के पास बीएसएफ के 02 जवान इसकी चपेट में आ गए। घायल सुशील कुमार के चेहरे और आंख पर चोट लगी है वहीं छोटूराम के दाहिने पैर और हाथ में चोट आई है। घायल जवानों का प्राथमिक उपचार कोयलीबेड़ा स्वास्थ्य केंद्र में करने के बाद हेलीकॉप्टर से रायपुर रेफर कर दिया गया है।

बरमकेला में आज को फूड लाइसेंस शिविर

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश पर उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ द्वारा जिले में फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा एफएसएसएआई खाद्य अनुज्ञप्ति / पंजीयन शिविर ड्रीम कैफ़े लेंधरा रोड़ बरमकेला में 29 मार्च को फूड शिविर का आयोजन किया गया है। पंजीयन का कार्य प्रातः 11 बजे से संध्याकालीन 4 बजे तक किया जाएगा। शिविर में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 31 के तहत रिपैकर ,रीलेबरर ,खाद्य परिवहन, थोक व खुदरा विक्रेता, होटल ,रेस्टोरेंट,ढाबा ,किराना दुकान ,मीट शॉप, पान ठेला, गुपचुप ठेला, गन्ना रस ,जूस सेंटर, खाद्य बर्फ, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर, सब्जी, फल विक्रेता व अन्य किसी भी प्रकार के खाद्य कारोबारकर्ता को लाइसेंस/ पंजीयन प्रमाण पत्र बनवाना अनिवार्य है। बिना खाद्य अनुज्ञप्ति के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह का कारावास एवं एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है तथा खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा सकती है। पंजीयन/ लाइसेंस के लिए खाद्य कारोबार कर्ता के पासपोर्ट साइज का फोटो, आधार कार्ड, बिजली बिल, किरायानामा/ नियम की एनओसी या गुमास्ता दस्तावेज होना अनिवार्य है। पंजीयन हेतु वार्षिक टर्नओवर 12 लाख तक होने पर 100 रूपए पंजीयन शुल्क, 12 लाख से 20 करोड़ तक पर 2000 रूपए पंजीयन शुल्क है, जबकि उत्पादनकर्ता हेतु क्रमशः 3000 व 5000 रूपए का प्रति वर्ष शुल्क निर्धारित है। जिला प्रशासन ने सभी खाद्य कारोबार कर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पंजीयन /अनुज्ञप्ति शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

सरपंच और पंच के आम/उप निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली तैयार करने एवं पुनरीक्षण कार्य हेतु अधिकारी नियुक्त

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने पंचायत आम/ उप निर्वाचन 2023 के लिए मतदाता सूची तैयार करने हेतु जिले के निर्वाचक नामावली तैयार करने एवं पुनरीक्षण कार्य हेतु अधिकारियों की नियुक्ति की है।

विकासखंड सारंगढ़ के ग्राम दुर्गापाली, बरभांठा अ, टिमरलगा, मल्दा ब (सरपंच पद हेतु उप निर्वाचन) खुडुभांठा वार्ड-2 मुड़वाभांठा वार्ड-15 (पंच पद हेतु उप निर्वाचन) के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगढ़ को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार सारंगढ़ को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपर कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

विकासखंड बरमकेला के ग्राम बारादावन (सरपंच पद हेतु उप निर्वाचन), कोकबहाल वार्ड-14 (पंच पद हेतु उप निर्वाचन) के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगढ़ को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार बरमकेला को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपर कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम बालपुर, अमलडीहा (सरपंच पद हेतु उप निर्वाचन) और देवसागर वार्ड-4 (पंच पद हेतु उप निर्वाचन) के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलाईगढ़ को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार बिलाईगढ़ को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपर कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम टेढ़ीभदरा (सरपंच पद हेतु आम निर्वाचन) और टेढ़ीभदरा वार्ड-1 से 10 तक (पंच पद हेतु आम निर्वाचन) के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलाईगढ़ को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार भटगांव को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अपर कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ को अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है।

पोषण पखवाड़ा : जंक फूड की जगह मिलेट्स को दैनिक जीवन में अपनाएं युवा

❒ **युवाओं में पोषण जागरूकता के लिए राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन**

रायपुर (आरएनएस)। पोषण पखवाड़े के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आज यूनिसेफ के सहयोग से युवाओं में पोषण जागरूकता के लिए राज्य स्तरीय वेबीनार का आयोजन किया गया। वेबीनार के माध्यम से युवाओं को मिलेट्स के फायदे समझाते हुए उन्हें दैनिक जीवन में मिलेट्स को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। वेबीनार से फेसबुक लाइव के माध्यम से नेहरू युवा केन्द्र, भारत स्काउट-गाइड, एनएसएस, यूनिसेफ सहित विभागीय अमले सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग के नोडल अधिकारी जी.एस.मरावी ने बताया कि 20 मार्च से महिला एवं बाल विकास द्वारा अन्य विभागों के सहयोग से पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान लोगों में पोषण जाकरूकता और व्यवहार परिवर्तन के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। विभागीय अधिकारी श्रुति नेरकर ने कहा कि पहले पूर्वज अन्न या मिलेट्स का प्रयोग करत थे। लेकिन बदलते समय में घरों में खानपान की शैली बहुत बदल गई है। मिलेट्स को फिर भोजन में शामिल कर पोषण के सभी फायदे लिये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि महिला बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग कुपोषण से लंबे समय से लड़ाई कर रहा है। बच्चों, महिलाओं, किशोरियों को पोषण आहार और रेडी टू ईट प्रदान किया जा रहा है। लेकिन इसमें विभाग के साथ समाज के हर व्यक्ति की सहभागिता जरूरी है। पोषण संबंधित व्यवहार और खानपान परिवर्तन में युवा बड़ी भूमिका निभा सकते है। मिलेट्स से कई प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा सकते हैं। युवा जंक फूड को छोडक़र पौष्टिक भोजन और स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें।

यूनिसेफ के न्यूट्रीशन विशेषज्ञ महेन्द्र प्रजापति ने बताया कि मिलेट्स पचने में आसान होते हैं इसलिए बच्चे से लेकर बुजुर्गों तक के लिए उपयोगी हैं। इसमें सारे पौष्टिक तत्व मिल जाते हैं। कम पानी और जमीन में अधिक उपज के कारण यह पर्यावरण के भी अनुकूल है। ये ज्यादा महंगे भी नहीं होते। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में वृद्धि और विकास तेजी से होता है। इस समय संतुलित आहार लेना जरूरी है। आजकल प्रोसेस्ड फूड के दुष्प्रभाव के कारण कुपोषण और मोटापा अधिक देखने को मिल रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे निश्चित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिखरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण के लिए अच्छे से प्राप्त करें प्रशिक्षण -कलेक्टर

❒ **मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सर्वे हेतु प्रगणकों एवं सुपरवाइजर को दिया जा रहा प्रशिक्षण**

❒ **कलेक्टर सिन्हा ने प्रगणकों को प्रदान किया सर्वे कीट**

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज जनपद पंचायत रायगढ़ में छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण-2023 के सर्वे हेतु आयोजित प्रगणकों एवं सुपरवाइजर के प्रशिक्षण में शामिल हुए। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण महत्वपूर्ण कार्य है। अत: प्रगणक एवं सुपरवाइजर अच्छे से प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को प्रगणकों व सुपरवाइजर को बेहतर प्रशिक्षण एवं उनकी शंकाओं को दूर करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर सिन्हा ने प्रगणकों को सर्वे कीट प्रदान किया।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण 2023 का कार्य 1 अप्रैल से शुरू किया जाएगा। सर्वे में ऑफलाइन एवं ऑनलाईन डेटा फीड किया जाना है। जिसके लिए जिले के सभी जनपदों में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को एप के सभी तकनीकी पहलुओं एवं डाटा फीड से संबंधित जरूरी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जिले में सभी जनपद मुख्यालय में प्रगणकों एवं सुपरवाईजरों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिले के कुल 549 ग्राम पंचायतों में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण किया जाएगा। जिसमें ग्रामों की संख्या 927 तथा परिवारों की संख्या 2 लाख 77 हजार 624 है। जिले के सभी विकासखण्डों में 943 प्रगणक तथा 124 सुपरवाइजर द्वारा सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा।

मास्टर ट्रेनर्स भुनेश्वर पटेल एवं डी.एल.गुप्ता ने बताया कि द्वारा सर्वे में फीड की जाने वाली जानकारी जैसे मकान एवं मुखिया का फोटो खींचे तो उसमें मुखिया और मकान का नंबर स्पष्ट दिखना चाहिए। प्रपत्र में आधारभूत जानकारी प्रविष्टि करनी, एप में राशन कार्ड के डाटा, नया राशन कार्ड एन्ट्री, परिवारों के सदस्यों की सूची और उनका कौशल प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के उपरांत उनका वर्तमान आय, भूमि, आयकर दाता, आवास, शौचालय, वाहन, घरेलू रसोई गैस, आधार की सहमति आदि की जानकारी फीड के संबंध में प्रगणकों एवं सुपरवाईजर को प्रशिक्षण दी जा रही है।